घटना | शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नर्मदा में नहाते समय हुआ हादसा

# अमरकंटक में डूबने से दृष्टिबाधित छात्र की मौत



**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय दृष्टिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/राज्यपाल कल्याण संस्थान के एक दृष्टिबाधित छात्र की अमरकंटक में डूबने से मौत हो गई। यह हादसा रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान हुआ। मृतक छात्र की पहचान शिरीष (सीरीज) नामदेव (24 वर्ष) निवासी रीवा के रूप में हुई है, जो महाकौशल कॉलेज में राजनीति विज्ञान से एमए का छात्र बताया जा रहा है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि लगभग 45 छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर अमरकंटक गए थे। दोपहर लगभग 12 से 1 बजे के बीच कुछ छात्रों ने नर्मदा नदी के कपिलधारा क्षेत्र में स्नान करने की इच्छा जताई। अनुमति मिलने के बाद छात्र घाट पर नहाने गए और वापस लौट आए। इसी दौरान शिरीष नामदेव अचानक बिना किसी को बताए दोबारा पानी में उतर गया। मौजूद लोगों ने उसे आवाज देकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह गहरे पानी की ओर बढ़ गया। जब तक उसे बचाने की कोशिश की जाती, वह डूब चुका था।

### दोपहर 1 बजे के बाद हुआ हादसा, 3 बजे मिला शव

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर 1 बजे के आसपास वह लापता हुआ और करीब 3 बजे के बाद उसका शव बरामद किया गया। बताया गया कि घटना के समय छात्रावास के कर्मचारी कुछ अन्य बच्चों को लेकर बाथरूम की ओर गए हुए थे। हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पुलिस एवं छात्रावास कर्मचारियों की मौजूदगी में शव परिजनों के लिए रीवा रवाना कर दिया गया। छात्र के साथी छात्र भी उसके साथ रीवा के लिए रवाना हुए।

### विधिवत अनुमति नहीं मिलने का आरोप

इधर, घटना को लेकर कई सवाल भी उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि भ्रमण के लिए सामाजिक न्याय विभाग से विधिवत अनुमति नहीं ली गई थी। कुछ लोगों ने प्रभारी डॉ. परिहार की भूमिका की जांच और उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्रशासनिक स्तर पर भी घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है। घटना से संस्थान और छात्र समुदाय में शोक का माहौल है।

# श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह बाद श्रोताओं ने पखारे पैर

पौड़ी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा न नाचे भक्त




**नवभारत,बेलखाडू।** रविवार दोपहर में शुरू हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा मे श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह (दशम स्कंध) एक प्रमुख प्रसंग है, जो विदर्भ राजकुमारी रुक्मिणी द्वारा कृष्ण को पत्र लिखना, उनका हरण और शिशुपाल को हराकर द्वारका में विधिपूर्वक विवाह पर आधारित है।

यह प्रेम, अटूट भक्ति और शरणागति का प्रतीक है, जहाँ रुक्मिणी को लक्ष्मीजी का अवतार माना गया है। यह प्रवचन ग्राम पौड़ी (नगना) में कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से आचार्य पं रमेश मिश्रा गूंजोरा गढ़ाकोटा ने कंश वध, श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाह की मीमांसा करते हुए व्यक्त किए।

बैंड बाजों के साथ कन्या बने श्रीकृष्ण की दूल्हे के रूप में आतिशबाजी करते हुए बारात कथा पंडाल पहुंची, जहां पश्चात दूसरी कन्या को रुक्मणि भेष भूषा में सजाकर प्रतीकात्मक विवाह संस्कार एक दूसरे को माला पहनाकर संपन्न कराया। श्रोताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विवाह बधाई गीतों में जमकर नृत्य किया साथ ही बड़ी संख्या में हल्दी जल से दोनो के पैर भी पखारे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से घनश्याम महेरे, मदन गोपाल, राम बिहारी महेरे, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, अनिरुद्ध पटेल,रवि शुक्ला, राकेश तिवारी,उमा शंकर तिवारी,सहित आस पास के गांव के श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पनागर में अधिवक्ता फोरम की हुई बैठक

तहसील की अनियमितताओं को लेकर हुई चर्चा



**पनागर, नवभारत।** अधिवक्ता फोरम पनागर की बैठक रविवार को अधिवक्ता भवन में संपन्न हुई। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष ज्योति राय विशेष रूप से उपस्थित रही।

बैठक के दौरान पनागर तहसील में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने समस्याओं के निराकरण हेतु आगामी रणनीति और रूपरेखा तैयार करने पर सहमति जताई। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र सेन, सचिव के.के. कुशवाहा, उपाध्यक्ष मनोज केसरवानी, सतीश साहू, सी.एम. कुशवाहा, प्रदीप नामदेव, जे.पी. गुप्ता, नारायण चौधरी, नीरज द्विवेदी, राजा करण केवट, गोविंद व्यास, सुरेश राय सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे अधिवक्ता फोरम ने तहसील स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया।

# सिहोरा हिंसा : एक और को भेजा गया जेल

आजाद चौक में कर्फ्यू जैसे हालात के बाद अब शांति



**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत आजाद चौक में कर्फ्यू जैसे हालात के बाद अब शांति है। बाजार गुलजार होने के साथ चहल-पहल पहले जैसी देखी जा रही है । लाउंड स्पीकर के शोर को लेकर गुरूवार देर रात्रि दो समुदाय के बीच हुई हिंसा के बाद माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है। हालांकि एहतियात पुलिस फोर्स तैनात है। इसके सथ ही उपद्रवियों की धड़पकड़ के लिए छापेमारी भी लगातार जारी है। पुलिस ने एक और आरोपी को रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

विदित हो कि आजाद चौक में मस्जिद और दुर्गा मंदिर आमने-सामने है। 19 फरवरी को गुरुवार की रात को लगभग 9:30 बजे मंदिर में आरती और मस्जिद में रमजान की नमाज हो रही थी। इस दौरान एक पक्ष ने लाउंड स्पीकर के शोर का विरोध शुरू कर दिया था । जिसके बाद दोनों पक्ष भिड़ गए थे। पथराव के साथ जमकर तोड़फोड़ हुई थी। सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस को लाठीचार्ज करने के साथ आश्रु गैस के गोले तक दागने पड़ गए थे। तनाव के चलते 200 का फोर्स तैनात किया गया था ।

### अब तक 61 गिरफ्तारी, चार पर एफआईआर

उपद्रव में अब तक चार एफआईआर हो चुकी है। इसके साथ ही कुल 61 उपद्रवियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और सभी को जेल भेजा चुका है। जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इसके अलावा सीसीटीव्ही कैमरों, वायरल वीडियो और पुलिस द्वारा कराई गई वीडियोग्राफी के जरिए मिले फुटेज से भी उपद्रवी चिन्हित किए जा रहे है। साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# हमारे किसान केवल अन्नदाता नहीं, वे धरती के सच्चे साधक हैं : मोदी

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 1041 बूथों में प्रधानमंत्री के ''मन की बात''



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के कार्यकर्त्ताओं ने शहर के सभी 1041 बूथों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम में पीएम ने कहा कि हमारे किसान केवल अन्नदाता नहीं है वे धरती के सच्चे साधक हैं मिट्टी को सोना बनाना क्या होता है, ये कोई हमारे किसानों से सीखे और हमारा आज का किसान तो परंपरा और तकनीक दोनों को साथ लेकर चल रहा है और मुझे ये देखकर खुशी होती है कि हमारे किसान अब सिर्फ उत्पादन नहीं, बल्कि गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन और नए बाजारों पर भी ध्यान दे रहे हैं। ओडिशा में हिरोद पटेल नाम के एक युवा किसान से जुड़ी जानकारी वाकई बहुत प्रेरक है। उन्होंने खेती को नए नजरिये से देखना शुरू किया। अपने खेत के तालाब के ऊपर उन्होंने मजबूत जालीदार ढांचा बनाया। उस पर बेल वाली सब्जियां उगाई, तालाब के चारों ओर केले, अमरूद और नारियल लगाए और तालाब में मछली पालन भी शुरू किया। यानि एक ही जगह - पारंपरिक खेती भी हो रही है, सब्जी भी, फल भी, मछली भी। इससे जमीन का बेहतर उपयोग हुआ, पानी की बचत हुई और अतिरिक्त आमदनी भी मिली। आज दूर-दूर से किसान उनका मॉडल देखने आते हैं। वहीं केरला के त्रिसूर जिले में एक गांव ऐसा है, जहां एक ही खेत में 570 तरह की धान की किस्में लगाई जाती हैं। इसमें स्थानीय किस्में भी हैं, हर्बल किस्में भी हैं और दूसरे राज्यों से लाई गई प्रजातियां भी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में ए आई , खेल एवं बच्चों की परीक्षा जैसे विषयों के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की । ''मन की बात'' कार्यक्रम मध्यप्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन , विधायक अभिलाष पांडे, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पराजपे, रिकुंज बिज, शरद जैन, जीएस ठाकुर, सदानंद गोडबोले, दीपांकर बैनर्जी, एसके मुद्दीन, शरद अग्रवाल, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, पंकज दुबे, रंजीत पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना।




# अवैध रेत परिवहन करते डंपर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** खितौला पुलिस ने रेत से लदे एक डंपर को जब्त किया है। अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में डंपर चालक और रेत का अवैध स्टॉक करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

खितौला थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि सूचना मिली थी कि झिंगरई की ओर से एक डंपर अवैध रेत लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने झिंगरई चौराहे पर दबिश दी। इस दौरान डंपर क्रमांक एमपी 20 जीए 2144 को आते देखा गया, जिसे रोककर तलाशी ली गई तो वह रेत से लबालब भरा मिला। डंपर चालक रामकृपाल बर्मन (40) निवासी जुनवानी कला ने पुलिस को बताया कि उसके पास रेत के परिवहन से संबंधित कोई रायल्टी या वैध दस्तावेज नहीं हैं। चालक ने खुलासा किया कि वह झिंगरई निवासी रंजीत पटेल के कहने पर चोरी की रेत भरकर आर्डर पर बेचने जा रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रंजीत पटेल (29) को हिरासत में लिया। पूछताछ में रंजीत ने स्वीकार किया कि उसने अपने घर के पास अवैध रेत का स्टॉक कर रखा था और वहीं से डंपर के जरिए सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने डंपर और अवैध रेत को जब्त कर आरोपी रामकृपाल बर्मन और रंजीत पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# यूडीआईडी पंजीयन के लिये पनागर में शिविर आज

**नवभारत, जबलपुर।** उच्च न्यायालय की जुवेनाइल जस्टिस समिति के निर्देशानुसार जिले में 18 वर्ष तक की आयु के दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने और यूडीआईडी पंजीयन के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक आयोजित किये गये शिविरों में 349 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड तैयार कर प्रदान कर दिये गये हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किये जा रहे इन शिविरों में आज सोमवार 23 और मंगलवार 24 फरवरी को पनागर जनपद पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इसके बाद बुधवार 25 फरवरी एवं गुरूवार 26 फरवरी को शहपुरा जनपद पंचायत में तथा 27 फरवरी को जिला चिकित्सालय जबलपुर में शिविर लगाया जायेगा। प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित के अनुसार इन शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण किया जाएगा तथा उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। दिव्यांगजनों का यूडीआई डी कार्ड हेतु पंजीयन भी शिविर में किया जायेगा। प्रभारी संयुक्त संचालक ने सभी दिव्यांगजनों और उनके परिवारजनों से उनके क्षेत्र में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी पंजीयन प्राप्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में उन्हें दिव्यांगजनों से संबंधित सभी शासकीय योजनाओं एवं आवश्यक सहायक उपकरणों का लाभ दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी पंजीयन के आधार पर ही प्राप्त हो सकेगा।

# बाइक की टक्कर से दो घायल

**जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत महावीर शिव शक्ति वेयर हाउस के पास बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक बलराम बैरागी 23 वर्ष निनवासी बेगमचौक घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार को पिता लखनदास बैरागी एवं दोस्त आर्यन दुबे, अभिजीत राठौर के साथ काम से पड़रिया सुबह लगभग 8 बजे गये थे, दोपहर में पड़रिया से वापस जबलपुर आने के लिये जायका रेस्टोरेंट के पास बस का इंतजार कर रहे थे तथा धीरे धीरे पैदल चल रहे थे लगभग 1 बजे महावीर शिव शक्ति वेयर हाउस के पास पहुँचे कि कुण्डम पड़रिया तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड ई 6962 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके पिता लखन दास बैरागी एवं आर्यन दुबे को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे दोनों गिर गये जिन्हें हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं, एक्सीडेंट करने वाली मोटर सायकल का चालक वहां से भाग गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# मंत्री सिंह शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद मदन महल स्थित लाजवंती चेंबर में इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन एंड टेक्नॉलॉजी का शुभारंभ किया। इसके बाद मंत्री श्री सिंह भंवरताल गार्डन स्थित कल्चरल थियेटर में न्यूज 24 द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश का भविष्य जबलपुर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद होटल नर्मदा जेक्शन में मध्यप्रदेश के बजट के संबंध में प्रेसवार्ता की।

# बघराजी में नि :शुल्क कृत्रिम अंग परीक्षण शिविर आज

**नवभारत, जबलपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरणों के नि:शुल्क वितरण हेतु आज 23 फरवरी को सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के कुंडम विकासखण्ड के ग्राम बघराजी में परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित ने बताया कि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में जनपद पंचायत सिहोरा, नगर पालिका सिहोरा एवं जनपद पंचायत कुंडम क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों का परीक्षण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण केंद्र (एलिम्को) के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों से आवश्यक दस्तावेजों सहित अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।



# संत गाडगे के जन्म उत्सव पर पौधा रोपण

**नवभारत, जबलपुर।** संत गाडगे महाराज की जन्म उत्सव पर पूर्व संध्या पर नर्मदा उद्यान ग्वारीघाट पौधारोपण किया गया । इसमें संत गाडगे महाराज के बताए हुए मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया और समाज में कैसे एक समरसता लाया जाए और शिक्षा को कैसे बढ़ावा दिया जाए इस विषय पर चर्चा हुई । रविवार को को स्वच्छता के जनक राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज की बताई हुई मार्गदर्शन में चलने का संकल्प लिया। जिसमे संपूर्ण रजक समाज सेवा संगठन एवं विवाह मिलन की संयोजक ओंकार रजक, सचिव अनिल रजक, विवाह मिलान प्रमुख अनमोल रजक, संगठन मंत्री सौरभ राजा, प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन रजक, सौरभ रजक, रंजीत, मुकेश, गणेश, प्रकाश, रमेश, वृंदावन, लक्की, निक्की, मातृशक्ति सम्मिलित हुई और समर्थ समाज बनाने का संकल्प लिया ।

# शुद्ध मावा की गुझिया और पारंपरिक कुर्तों की खास पेशकश

महाकौशल हाट में होली स्पेशल काउंटर शुरू



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित होली उत्पादों के विक्रय के लिए रेल सौरभ कॉलोनी कांचघर रोड स्थित महाकौशल हाट बाजार में विशेष काउंटर प्रारंभ किया गया है।

यह काउंटर महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभरा है। यहां समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए केमिकल-मुक्त प्राकृतिक रंग, शुद्ध मावा से बनी गुजिया, मिठाई, नमकीन और पारंपरिक कुर्ते विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत के निर्देश पर स्थापित इस काउंटर में ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध फल-फूल और सब्जियों से तैयार सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल रंग विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

# फिटनेस और सामाजिक जागरूकता का संगम



**जबलपुर।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित 'श्री सत्य साईं रन एंड राइड' कार्यक्रम में जबलपुर निर्वाचन साक्षरता क्लब के सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रात: 5:30 बजे शिवाजी ग्राउंड, सदर जबलपुर में एकत्रित होकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

निर्वाचन साक्षरता क्लब के जिला समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासन, उत्साह और सामूहिक ऊर्जा का परिचय देते हुए रन एवं साइक्लिंग गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सफेद टी-शर्ट में सुसज्जित विद्यार्थियों द्वारा जुम्बा एवं वार्म-अप गतिविधियों से हुई, जिसके पश्चात दौड़ और राइड में सभी ने आनंदपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली, टीम भावना एवं सेवा भाव का विकास होता है। कार्यक्रम में डॉ. शुभम जैन सहित फाउंडेशन की श्रीमती किरण खरे, सुजाता राव, श्री जे.पी. राव उपस्थित रहे। निर्वाचन साक्षरता क्लब से ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट के अभिषेक पाण्डेय एवं श्री मूर्ति, नचिकेता महाविद्यालय की कीर्ति नायडू, हितकारिणी महिला बी.एड. महाविद्यालय की श्रीमती निधि माथुर, आदित्य महाविद्यालय के दीपल त्रिवेदी सहित विभिन्न महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।